# UNIVERSITY NEWS 22 DECEMBER 2025

## AMAR UJALA

### आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली को करें शामिल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की ओर से आयोजित छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। आखिरी दिन लविवि के लोक प्रशासन विभाग के सभागार में दो महत्वपूर्ण सत्र हुए। पहले सत्र में शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान प्रणाली डिवीजन की कोऑर्डिनेटर डॉ. रुचिका सिंह ने पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली को व्यावहारिक रूप से अपनाने को लेकर चर्चा की। दूसरा सत्र आदिवासी ज्ञान के संरक्षण को लेकर हुआ। इसमें जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर कौशल कुमार शर्मा ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी और सतत विकास लक्ष्यों की मजबूती पर जोर दिया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

### प्रबंधक पद के लिए आनंद को मान्यता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से डीएवी डिग्री कॉलेज लखनऊ के प्रबंधक पद के लिए आनंद मोहन तिवारी को विधिवत मान्यता दी गई है। यह मान्यता विश्वविद्यालय के निर्गत आदेश के अनुसार प्रभावी है। यह जानकारी कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को भी जारी किया गया है। (संवाद)

## HINDUSTAN

### निरंतर ध्यान से व्यक्ति तनाव मुक्त रहता है

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ़ योगा एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से योग सभागार में द्वितीय ध्यान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने योग से शरीर को मिलने वाले लाभ, बीमारियों में लाभ से परिचित कराया गया। फैकल्टी के कोऑर्डिनेट डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि ध्यान वह अवस्था है जिसमें व्यक्ति अपने विचारो, भावनाओ और बाहरी आकर्षण से ऊपर उठकर अपने अंदर की शांति को अनुभव करता है।

## DAINIK JAGRAN

### लवि ने दिया प्लेसमेंट का अवसर, आवेदन 26 तक

जासं • लखनऊ: लवि की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने श्री पीतांबरा शिक्षा समिति (एसपीएसएस) में प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए हैं। 26 दिसंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि एसपीएसएस प्रोजेक्ट मैनेजर (सीएसआर) एवं प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर (सीएसआर) पदों के लिए लखनऊ व सीतापुर (उत्तर प्रदेश) में नियुक्तियां करेगा। इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सामाजिक कार्य अथवा सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री तथा सीएसआर/विकास क्षेत्र में अनुभव आवश्यक है। कार्य में परियोजना क्रियान्वयन, फील्ड समन्वय, रिपोर्टिंग एवं हितधारकों के साथ समन्वय शामिल होगा। प्रोजेक्ट मैनेजर पद के लिए 30 हजार प्रतिमाह और प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर का मानदेय संस्थान के नियमों के अनुसार होगा।

**कंप्यूटर साइंस विभाग में वायवा परीक्षा 26 को लखनऊ :** लवि के कंप्यूटर साइंस विभाग में बी.एससी पांचवें सेमेस्टर में टर्म पेपर की वायवा परीक्षा 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे से होगी। विभाग के अध्यक्ष ने सूचना जारी की है।

## AMRIT VICHAR

### लविवि छात्रों को नौकरी का अवसर

अमृत विचार, लखनऊ: सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत श्री पीतांबरा शिक्षा समिति ने लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से छात्रों के लिए प्लेसमेंट अवसर घोषित किए हैं। एसपीएसएस द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर (सीएसआर) एवं प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर (सीएसआर) पदों के लिए लखनऊ एवं सीतापुर (उत्तर प्रदेश) में नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सामाजिक कार्य अथवा सामाजिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री तथा सीएसआर, विकास क्षेत्र में अनुभव आवश्यक है। कार्य में परियोजना क्रियान्वयन, फील्ड समन्वय, रिपोर्टिंग एवं हितधारकों के साथ समन्वय शामिल होगा। इच्छुक छात्र 26 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## NBT

### 'युवाओं को आज ध्यान की सबसे ज्यादा जरूरत'

**NBT न्यूज, लखनऊ:** विश्व ध्यान दिवस पर रविवार को राजधानी में विभिन्न जगहों पर ध्यान के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों के अलावा युवाओं ने ध्यान लगाया। साथ ही आज के दौर में ध्यान की महत्ता भी बताई गई।

आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस संस्थान में आयोजित ध्यान समारोह में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने भी अन्य लोगों के साथ ध्यान लगाया। कॉर्डिनेटर शालिनी दीदी ने बताया कि ध्यान की अनेक पद्धतियां है, परंतु हार्टफुलनेस ध्यान की विशेषता यह है कि यह प्राणाहुति के द्वारा किया जाता है। जिस से व्यक्ति की चेतना में तत्काल



शांति एवं आंतरिक परिवर्तन महसूस होता है। युवाओं को आज ध्यान की बहुत आवश्यकता है। निराश बच्चों को मेडिटेशन जरूर करवाएं। मुख्य अतिथि ने कहा कि ध्यान द्वारा हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।

## DAINIK JAGRAN

### शिक्षकों की नियुक्ति को अनुमोदन

लखनऊ : लवि ने नवयुग कन्या महाविद्यालय में एमए अर्थशास्त्र में दो सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति को अनुमोदन दे दिया है। इसमें डा. गरिमा मिश्रा व सौम्या शुक्ला का नाम शामिल है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने आदेश जारी कर दिया है। जासं

## AAJ

### ध्यान द्वारा हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं - प्रो. मनुका खन्ना

लखनऊ। ध्यान द्वारा हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, लोगों को व्यस्त जीवन में भी ध्यान के लिए समय निकालना चाहिए क्योंकि इससे स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। उक्त उद्गार रविवार को विश्व ध्यान दिवस पर लखनऊ के आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस संस्थान में हार्टफुल ध्यान समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये।

## NBT

### LU: 24 तक जमा होंगे स्कॉलरशिप फॉर्म

**NBT न्यूज, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय (LU) के विभिन्न कोर्स में प्रवेश लेने वाले वह विद्यार्थी जिन्होंने राज्य सरकार की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत आवेदन किया है, उन्हें 24 दिसंबर तक छात्रवृत्ति अनुभाग में अपना फॉर्म जरूरी दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा। ऐसा नहीं किए जाने पर स्टूडेंट्स छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित रह जाएंगे। इस संबंध में कुलसचिव भावना मिश्रा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों और निदेशकों को पत्र जारी किया है। प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि 24 दिसंबर के बाद किसी भी छात्र का फॉर्म जमा नहीं किया जाएगा।